प्रादेशिक समाचार
11.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

छठे झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि केन्द्र के सहयोग से राज्य का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए। राज्यपाल ने कहा कि सरकार किसानों को बिना किसी ब्याज के ऋण उपलब्ध कराएगी।

श्री गंगवार ने कहा कि साल दो हजार सत्रह से गैर मजरूआ जमीन की रसीद काटने पर लगी रोक हटायी जाएगी। साथ ही उन्होंने राज्य की मुंडारी, हो और कुडुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की बात कही।

******************

झारखंड विधानसभा में चालू वित्तीय वर्ष के लिए आज राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने ग्यारह हजार छह सौ संतानवे करोड़ रूपये का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले में युवा नवप्रवर्तकों से बातचीत करेंगे। देशभर के 51 केंद्रों में हो रहे ग्रैंड फिनाले में एक हजार तीन सौ से अधिक विद्यार्थी टीमें भाग ले रही हैं।

******************

पाकुड़ हिरणपुर मुख्य सड़क और मालपहाडी सड़क पर तीन अलग अलग दुर्घटनाओं में पांच व्यक्ति घायल हो गए और एक की मौत हो गयी । सभी घायलों को नगर थाने की पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से सदर अस्पताल भिजवाया।

******************

राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए जिन अभ्यर्थियों की अधिकतम उम्र सीमा मान्य है उनके झारखंड पात्रता परीक्षा –जेट सर्टिफिकेट की वैधता दो साल से बढ़ाकर हमेशा के लिए कर दी गई है। वहीं पीएचडी में नामांकन के लिए भी सर्टिफिकेट की मान्यता हमेशा के लिए स्वीकृत होगी।

******************

साहिबगंज जिले में झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के तहत खेल और कला प्रतिभाओं को उभारने के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

******************

मौसम विभाग ने संथाल परगना, कोल्हान प्रमंडल समेत राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह के वक्त कोहरा से बचाव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी।

******************

छत्तीसगढ़ में चल रही 29वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने तमिलनाडु को तीन–शून्य से हरा दिया है। झारखंड की ओर से अमिषा बाखला ने हैट्रिक गोल किए।

*******समाप्त*********